Regarding deployment of trained teachers and starting of training programmes for employment generation in tribal areas-laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) **:** देश के आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान करने हेतु अक्सर अवसंरचनात्मक सुविधाओं जैसे भवन के साथ ही अन्य शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध है, परंतु अध्यापकों को अन्य शासकीय कार्यों में लगा देने से पढ़ाई में अवरोध उत्पन्न होता है, जिससे आदिवासी बच्चों की पढ़ाई को नुकसान पहुंचता है तथा साथ ही शैक्षणिक गुणवत्ता को ध्यान में रखकर ठीक से प्रशिक्षित शिक्षकों को आदिवासी क्षेत्रों में तैनात किया जाना चाहिए । देश के सभी आदिवासी क्षेत्र के युवाओं को तहसील स्तर पर सरकारी नौकरियां तथा स्वरोजगार हेतु निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए । इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि तत्काल उपयुक्त कदम उठाए जाएं ।